# होटल में डॉक्टर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## बालाघाट अस्पताल में दे रहे थे सेवा

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 11 सितम्बर. शहर के टीटी नगर स्थित एक होटल में एक डाक्टर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पीएम रिपोर्ट के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया. पुलिस जानकारी में यह बात सामने आई है कि मृतक सहन कुमार उम्र 36 मूलरूप से कर्नाटक निवासी थे.**

बालाघाट के एक अस्पताल में मृतक डाक्टर गायनोकॉलोजिस्ट पेशेंट का इलाज करते थे. वह भोपाल पहुंचे थे जहां उन्होंने होटल में रुक कर आत्महत्या कर ली.



मृतक डाक्टर के पास से पुलिस को कोई सुसाइड़ नोट भी बरामद हुआ है. होटल के स्टाफ को घटना के बारे में जानकारी तब लगी जब उनके कमरे की चादर चेंज करने के लिए दरवाजा खटखटाया गया. बहुत देर तक होटल के कर्मचारी को कोई जवाब नहीं मिलने पर उसने होटल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी. होटल के अन्य स्टाफ ने इस दौरान लगातार आवाज लगाते हुए दरवाजा खुलवाने की कोशिश की. दरवाजा नहीं खुलने पर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई.

पुलिस की मौजूदगी में होटल के कमरे का दरवाजा खोला गया. जहां अंदर बाथरूम में मृतक डाक्टर ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी. मृतक के बारे में यह जानकारी सामने आई है कि हाल ही में उनका तलाक हुआ था. जिसके चलते वह लगातार तनाव में चल रहे थे. पुलिस इस घटना की जांच में जुटी है.

# निष्कासित नेता ने किया आत्महत्या का प्रयास

▶ निजी अस्पताल में इलाज जारी

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 11 सितम्बर. भाजपा से निष्कासित नेता जीत निशोदे ने गुरूवार को आत्महत्या का प्रयास किया. जानकारी सामने आई है कि निशोदे ने तनाव में आकर अपने पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया.**

परिजनों ने समय रहते जीत को फंदे से उतार कर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. इस मामले में अब वीडियो में जीत के साथ दिख रही युवती ने जीत के साथ शादी होने की बात कही है. युवती ने जीत के आत्महत्या के प्रयास की घटना पर अब कांग्रेस के कुछ नेताओं पर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की है. युवती का कहना है कि जीत के राजनीति के क्षेत्र से जुड़े होने के कारण विपक्ष के कुछ नेताओं ने इसका वीडियो चोरी छुपे बना कर वायरल किया है. जिससे कि समाज में जीत और युवती की छवि भी धूमिल हुई है. बता दें कि भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल महामंत्री रहे जीत निशोदे का एक अश्लीली वीडियो सामने आने के बाद लगातार राजनीतिक छीटा कशी उन पर हो रही थी. जिसके चलते पार्टी ने भी उन्हें निष्कासित कर दिया है. विपक्ष भी लगातार निशोदे का वीडियो सामने आने के बाद लगातार हमलावर है.

> एक दिन पूर्व कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि यह वही पार्टी है, जो हर मंच से संस्कारों की दुहाई देती है और महिलाओं के सम्मान की बड़ी-बड़ी बातें करती है. लेकिन जब इनके ही युवा मोर्चा के पदाधिकारी महिला के साथ अश्लील हरकतों में पकड़े जाते हैं, तब भाजपा का असली चेहरा सामने आता है.

# एमपीएमएसआरयू ने जीएसटी में कमी के निर्णय का किया स्वागत

**भोपाल 11 सितंबर, प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन (एमपीएमएसआरयू) एवं हमारा अखिल भारतीय संगठन, फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएमआरएआई) जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक की सिफारिश और उसके बाद भारत सरकार द्वारा जीएसटी में कमी के निर्णय का स्वागत करता है.**

ज्ञात हो कि एमपीएमएसआरयू एवं एमआरएआई MRAI ने हमेशा से ही दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर किसी भी तरह का कर लगाने का विरोध किया है क्योंकि ये वस्तुएं बीमारी की स्थिति में मजबूरीवश खरीदी जाती हैं. इस प्रकार, मूल्य नियंत्रण में ढील के कारण भारत के लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना बड़ा है.

> कीमतों पर लगाए गए जीएसटी के तीन स्लैब भी दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की बढ़ती कीमतों के लिए जिम्मेदार हैं. इससे एक बड़ा वर्ग गरीबी रेखा से नीचे चला गया है. दवाओं की कीमतों में कमी और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ एमपीएमएसआर एवम एफएमआरएआई की प्रमुख मांग रही है.

# अनंतपुरा जमीन पर कब्जा करने वालों को नोटिस

**प्रशासन को देंगे जवाब**

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 11 सितबंर. शहर के अनंतपुरा कोकता में सरकारी जमीन पर हुए कब्जेधारियों से प्रशासन ने जवाब मांगा है. जानकारी के अनुसार गोविंदपुरा तहसीलदार ने 10 दिनों में कब्जेधारियों से जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. यहां पशुपालन विभाग की जमीन पर 36 कब्जेधारियों द्वारा जमीन पर अतिक्रमण किए जाने की जानकारी सामने आई है.**

सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले के सामने अब बड़ी चुनौती बनी हुई है. उन्हें कब्जे के कागजात और पशुपालन विभाग की जमीन पर कब्जा करने की अनुमति कहां से मिली. इसका पूरा ब्यौरा प्रशासन को देना होगा. कब्जा करने वालों के जवाब अगर संतोषजनक हुए तो उन्हें वहां से हटाए जाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी.

बता दें कि मछली परिवार ने पशुपालन विभाग की जमीन पर अवैध निर्माण कराया था. जिसे ध्वस्त किया जा चुका है. इसके बाद से सरकारी जमीन पर हुए कब्जे को लेकर जिला प्रशासन ने सीमांकन की प्रक्रिया को पूरा किया.



**गड्ढों से वाहन चालकों को परेशानी**

भोपाल के चौकी इमामबाड़ा से जुमेराती की ओर जाने वाले रोड़ पर की हालत इन दिनों खराब है. यहां सड़कों पर कंकरीट और गढ्ढे होने से आवागमन में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

# भाजपा विधायक के बयान पर कांग्रेस का हमला

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 11 सितम्बर. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पन्ना लाल शाक्य के देश में गृहयुद्ध जैसे हालात होने संबंधी बयान पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. कांग्रेस ने इस टिप्पणी को शर्मनाक और देश की एकता-अखंडता के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया.**

कांग्रेस के महासचिव एवं कम्युनिकेशन प्रभारी अभय तिवारी ने कहा कि भाजपा विधायक का यह बयान सीधे-सीधे भारतीय सेना और लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान है. उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों को मिलिटरी ट्रेनिंग देने की बात कहकर विधायक ने सेना की गरिमा को ठेस पहुँचाई है.



तिवारी ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की सबसे अनुशासित और सक्षम सेनाओं में से है, जो पूरी तरह से देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए समर्पित है. उसे किसी राजनीतिक एजेंडे में घसीटना अस्वीकार्य है.

> **जनता अब भाजपा से ऊब चुकी है**
>
> कांग्रेस नेता ने भाजपा पर भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और जनविरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता अब भाजपा से ऊब चुकी है. इसी हताशा में उनके विधायक ऐसे विवादास्पद बयान देकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलने का कोई भी प्रयास कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा और कांग्रेस हर स्तर पर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी.

# बाइक को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

▶ दूसरे का अस्पताल में इलाज जारी

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 11 सितबंर. राजधानी में पुरानी जेल रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई. जबकि मृतक का बड़ा भाई जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में जंग लड़ रहा है. मंगलवार को जेल पहाड़ी पर हुई दुर्घटना में बाइक सवार युवकों को अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी थी.**

हादसे में घायल हुए युवकों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां इलाज के दौरान एक युवक की जान चली गई. पुलिस जानकारी के अनुसार हादसे में घायल हुए सीहोर जिले के रहवासी युवक सगे भाई है. बड़ा भाई भूरे अपने छोटे भाई इरफान के साथ भोपाल में कोर्ट में सुनवाई के लिए पहुंचे थे. इस हादसे में इरफान की मौत हो चुकी है. जबकि भूरे का इलाज अस्पताल में जारी है. अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.




> जानकारी के अनुसार इरफान की ससुराल भोपाल में ईंटखेड़ी में है. इरफान की पत्नी ने उन पर घरेलू हिंसा का प्रकरण दर्ज कराया था. जिस पर कोर्ट में केस चल रहा था. इसी केस की सुनवाई के चलते दोनों भाई भोपाल पहुंचे थे. जहां उनके साथ हादसा हो गया. बाइक सवार युवकों को टक्कर मारने वाली अज्ञात कार की तलाश भी पुलिस कर रही है. मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया है.

# व्यापारी के घर चोरों का धावा

## 10 लाख कैश और ज्वेलरी की लूट का आरोप

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 11 सितबंर. राजधानी के बजरिया थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक व्यापारी के घर का ताला दिनदहाड़े तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. बेखौफ चोरों ने व्यापारी के घर से ज्वेलरी के साथ 10 लाख रूपए कैश भी लूट लिए. देर रात को व्यापारी जब अपने घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा मिला. अंदर जाकर देखा तो चोरों ने सामान की लूटपाट की थी.**

पुलिस जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाले नंद किशोर फूल-माला बेंचने का व्यापार करते हैं. बुधवार को दोपहर बाद जब वह अपने परिवार के साथ बाजार गए थे. इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर पर धावा बोला और उनके घर में रखे 10 लाख रूपए कैश और ज्वेलरी की चोरी की. देर रात को जब परिवार घर पहुंचा तो चोरी की जानकारी लगी. मामले की शिकायत तुरंत ही बजरिया थाना पुलिस में की गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# मनचले की हरकतों से तंग आकर युवती ने दी जान

▶ पुलिस जांच में सामने आया आरोपी का नाम

▶ खटीकपुरा की रहवासी थी मृतका

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 11 सितबंर. शहर में करीब दो माह पूर्व एक युवती के आत्महत्या के मामले में पुलिस जांच में आरोपी का नाम सामने आया है. जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय मृतका क्षेत्र के खटीकपुरा की रहवासी थी. 19 जुलाई को मृतका ने अपने ही घर में फांसी लगा कर आत्महत्या की थी. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु की थी.**



जिसमें यह सामने आया कि एक मनचले की हरकतों से दुखी होकर युवती अंजला ने आत्महत्या की थी. तलैया थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है.

> आरोपी फद्दू नाम के युवक पर आरोप है कि वह अंजला से शादी करने का लगातार दबाव बना रहा था. आरोपी को युवती पसंद नहीं करती थी. युवती की शादी कहीं और तय होने पर फद्दू यहा शादी तुड़वाने की धमकी भी युवती को लगातार देता था. जिससे तंग आकर युवती ने आत्महत्या कर ली. आरोपी की तलाश जारी है.

# मेडिकल पीजी कोर्स में प्रदेश सरकार ने किए नए बदलाव

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 11 सितम्बर. मेडिकल पीजी कोर्स में प्रदेश सरकार ने नए बदलाव किये है. जिसको लेकर हलचल तेज हो रही है. यह बदलाव मेडिकल पीजी कोर्स एमडी/एमएस और एमडीएस में प्रवेश को लेकर किया गया है.**

इस बदलाव के बाद मध्यप्रदेश के ही मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस या बीडीएस करने वाले छात्रों को पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी. जबकि इस बदलाव क्ले तहत अब ऐसे छात्रों को प्राथमिकता नहीं मिलेगी जिन्होंने किसी अन्य राज्य या एम्स एम्स से यूजी की डिग्री की हो, भले ही वह मध्य प्रदेश के मूल निवासी हों .इस बदलाव के बाद मेडिकल क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले मध्यप्रदेश के निवासियों में हलचल तेज हो गई है. जिसके बाद कुछ लोग फैसले से सहमति जाहिर कर रहे है तो कुछ विरोध भी दर्ज कर रहे हैं. इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है पीजी मेडिकल कोर्स में राज्य के निवासियों को प्राथमिकता देना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है. यानी मप्र से यदि किसी दूसरे राज्य के स्टूडेंट ने नीट यूजी किया है तो स्टेट कोटे पर पहला हक उसी का होगा.

# बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट, केस दर्ज

**भोपाल.** राजधानी के कोलार इलाके में बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. आरोपी वारदात के बाद से फरार चल रहे हैं. पुलिस ने कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में वाधा डालने का केस दर्ज किया गया है. पुलिस जानकारी के अनुसार बिजली विभाग की विजिलेंस शाखा में प्रबंधक रूपेश सिंह अपनी टीम के साथ ग्राम कजलीखेड़ा में कार्रवाई के लिए पहुंचे थे. इसी दौरान आरोपी भंवरलाल लोधी ने कार्रवाई का विरोध किया.

# आउटसोर्स एजेंसी से जांच कराने का विरोध

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 11 सितम्बर. प्रदेश के कई मेडिकल कालेजों में आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से पैथोलॉजी जांच कराने का विरोध किया जा रहा है. यह भर्ती प्रक्रिया दिन व दिन बढ़ती जा रही है. जिसका प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसियेशन ने विरोध किया है, एसोसियेशन ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला को पत्र लिखकर इस व्यवस्था को बंद करने के साथ शासकीय मेडिकल कॉलेज को काम देने का अनुरोध किया है.**

जिसको लेकर पत्र में पदाधिकारियों ने कहा पिछले दो वर्षों से प्रदेश के सभी शासकीय एवं स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में पैथोलॉजी विभाग के द्वारा की जाने वाली जांचों का ठेका आउटसोर्स कंपनी को दिया गया है. इसे तत्काल हटाया जाना चाहिए. इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री को लिखे पत्र में प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसियेशन ने कुछ सुझाव भी दिए हैं. एसोसियेशन के अध्यक्ष डॉ राकेश मालवीय ने कहा प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में पैथोलॉजी का एक अलग विभाग है, उसकी अपनी लैब है, मेडिकल स्टूडेंट्स है, एमडी, एमएस कर रहे क्वालिफाइड डॉक्टर्स हैं, जिनका काम ही इन जांचों को करना है. इसके साथ ही नये स्टूडेंट्स को सिखाने का कार्य भी होता है तो इन जांचों को आउटसोर्स से कराना औचित्यहीन है.

> **आउटसोर्स की जगह मेडिकल कॉलेजों में खर्च हो पैसे**
>
> डॉ मालवीय ने कहा कि जितना पैसा आउटसोर्स एजेंसी को दिया जाता है. प्राइवेट स्तर पर ब्लड, मल मूत्र जैसी पैथोलॉजी जांचे कराई जा रही हैं. यदि उतना बजट मेडिकल कॉलेजों को दिया जाए तो व्यवस्थाएं और बेहतर की जा सकती हैं.



# संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर चला टिकट चेकिंग अभियान

▶ 100 यात्रियों से वसूला 59 हजार रुपए जुर्माना

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 11 सितबंर. संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर गुरुवार को टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान बिना टिकट के यात्रा करने वाले सहित अन्य लोगों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई.**

स्टेशन पर 8 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में औचक टिकट चेकिंग अभियान 13 टिकट चेकिंग स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. पर्यवेक्षक टिकट चेकिंग स्टॉफ की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सकें.


> इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 08 गाड़ियों जिनमें गाडी संख्या 22829, 12920, 09190, 19344, 11703, 19323, 19711 व 19340 के यात्रियों के टिकट की जांच की गई. जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 68 यात्री पकड़े गए, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 31 यात्री पाए गए व बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे 01 यात्री पाए गए. वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया नें बताया कि यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ यात्रा करें.

**कार्यक्रम** ▶ 'प्रकृति विरूद्ध विकास की होड़ और दुनिया पर गहराते संकट के बादल' पर होगा व्याख्यान

# 'नवभारत' का 26 वां वैचारिक आयोजन कल

## बाबूजी स्व. रामगोपालजी माहेश्वरी की स्मृति में परंपरागत आयोजन का 26 वां वर्ष

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 11 सितम्बर, का. 'नवभारत' पत्र समूह के संस्थापक स्व. श्री रामगोपाल जी माहेश्वरी 'बाबूजी' की 26 वीं पुण्यतिथि नवभारत परिवार द्वारा शनिवार 13 सितंबर को राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर में परंपरागत रूप से वैचारिक आयोजन के साथ मनाई जाएगी.**



13 सितंबर को स्व. श्री माहेश्वरी की पावन स्मृति में आयोजित 'विचार मंथन' के गरिमामय आयोजन का यह 26 वां सौपान है. दोपहर में 3 बजे विचार मंथन और रात्रि 8 बजे काव्य निशा का आयोजन होगा. कार्यक्रम बैकुण्ठ मार्ग स्थित श्री संपत मोदानी के वल्लभा परिसर में रखा गया है. जिले के एक मात्र इस वैचारिक आयोजन में इस वर्ष विचार मंथन का विषय- 'प्रकृति विरूद्ध विकास की होड़ और दुनिया पर गहराते संकट के बादल' रखा गया है.

विचार मंथन में इस वर्ष मुख्य वक्ता के रूप में मुख्य वक्ता के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध पर्यावरणविद् 'जलपुरुष' डॉ राजेन्द्र सिंह के साथ ही तीन अन्य विद्वान वक्ता वरिष्ठ पत्रकार हृदयेश जोशी नई दिल्ली, पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौराबाद (सतना) मप्र, विषय विवेचन- वरिष्ठ पत्रकार जय नागड़ा खण्डवा के व्याख्यान होंगे.

विचार मंथन का यह कार्यक्रम नवभारत के वरिष्ठ कर्मचारियों के सानिध्य में प्रमुख अतिथिगण मप्र शासन के मंत्री द्वय नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, सांसद रोड़मल नागर, जिले के विधायकगण मोहन शर्मा, हजारी लाल दांगी, अमरसिंह यादव, जिपं अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया, जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह की मौजूदगी में होगा.

# 50 से अधिक शोध पत्र होंगे प्रस्तुत

**भोपाल.** एलएन मेडिकल कॉलेज में एक दिवसीय मेडिसिन अपडेट कॉन्फ्रेंस 2025 का रहा है. कार्यक्रम 14 सितम्बर को आयोजित किया जा रहा है.

इस शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा विद्यार्थियों को नवीनतम शोध, आधुनिक उपचार पद्धतियों और मिशन 2047 की दिशा में तैयार करना है, आयोजनकर्ता सचिव डॉ. नर्मदा पटेल ने बताया पूरे मध्यप्रदेश से प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ फैकल्टी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किये जायेंगे. इस सम्मेलन में 50 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत होंगे. जो कार्डियोलॉजी, इन्फेक्शियस डिज़ीज़, एंडोक्रिनोलॉजी और पब्लिक हेल्थ जैसे विषयों से जुड़े होंगे.

# पात्रा नाले में मिला व्यक्ति का शव

**भोपाल.** राजधानी के छोलामंदिर थाना क्षेत्र के पात्रा नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. शव के पास ही एक मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद की है. मृतक का नाम अमर सिंह उम 65 वर्ष निवासी ईंट खेड़ी क्षेत्र का होने की जानकारी सामने आई है. मृतक के बारे में यह भी बताया जा रहा कि उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना ईंट खेड़ी में दर्ज है. स्थानीय लोगों ने 112 पर सूचना देकर इसकी जानकारी पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से निकलवा कर पोस्टमार्टम रिपोर्टर के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा है. फिलहाल पुलिस इस केस को हत्या और आत्माहत्या के ऐंगल से देखकर जांच कर रही है.